# कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के द्वारा मार्च 2024 माह में किये गए महत्वपूर्ण / उल्लेखनीय कार्य

## I. चयन और नियुक्तियों का सारांश

i. पीईएसबी, डीओपीटी द्वारा 09 (नौ) पदों [सीएमडी/एमडी के पद के लिए 01 (एक) और निदेशकों के पद के लिए 08 (आठ)] के लिए विज्ञापन जारी किए गए थे ।

ii. 09 (नौ) चयन बैठकें [सीएमडी/एमडी के लिए 01 (एक) और निदेशकों के लिए 08 (आठ)] आयोजित की गईं।

iii. केंद्रीय स्टॉफिंग स्कीम के तहत सचिव के 02 पद, अपर सचिव के 03 पद, संयुक्त सचिव के 16 पद और उप सचिव/निदेशक के 24 पद भरे गए हैं। फिलहाल, केंद्रीय स्टाफिंग स्कीम के तहत अपर सचिव के 14 पद, संयुक्त सचिव के 34 पद और उप सचिव/निदेशक के स्तर पर 63 पद खाली पड़े हैं।

iv. मंत्रिमण्डल की नियुक्ति समिति (एसीसी) ने विभिन्न अनुसूची 'क' और 'ख' सीपीएसई/रेलवे बोर्ड/पीएसबी में 24 मामलों (अर्थात सीएमडी/एमडी/सीईओ/कार्यात्मक निदेशक/सदस्य/ईडी/एएम/एसडीजी) में नियुक्तियों को मंजूरी दी।

v. विभिन्न अधिकरणों/सांविधिक निकायों/प्राधिकरणों/आयोगों में 02 अध्यक्षों/सदस्यों की नियुक्तियों और स्वायत्त निकायों/संस्थानों में मुख्य कार्यकारी अधिकारियों/निदेशकों की 05 नियुक्तियों को एसीसी द्वारा अनुमोदित किया गया है।

vi. मंत्रिमण्डल सचिव/एसीसी ने निम्नलिखित प्रस्तावों (उप सचिव/निदेशक स्तर) को मंजूरी दी:

| विवरण | पदों की संख्या |
|---|---|
| पीएस/ओएसडी के रूप में नियुक्ति | 03 |
| सेवा विस्तार | 07 |
| समय पूर्व प्रत्यावर्तन | 06 |
| पुन: तैनाती | 04 |
| गैर-सीएसएस पदों पर नियुक्ति | 01 |

vii. 08 सीवीओ की नियुक्ति और 01 सीवीओ के कार्यकाल के विस्तार के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई।

## II. स्थापना संबंधी मामले

(क) दिनांक 15.03.2024 के का.ज्ञा. के माध्यम से सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से केंद्र सरकार के समूह 'क' अधिकारियों की राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्रों आदि में प्रतिनियुक्ति को शासित करने वाले संशोधित अनुदेश तैयार किए गए हैं।

(ख) संघ लोक सेवा आयोग (परामर्श से छूट) संशोधन विनियम, 2024 के संबंध में दिनांक 15.03.2024 को एक अधिसूचना जारी की गई थी।

(ग) दिनांक 05 मार्च, 2024 के कार्यालय ज्ञापन के माध्यम से नई शिक्षा नीति 2020 के अनुसरण में कक्षा 1 से पूर्व 03 वर्षों के लिए बाल शिक्षा भत्ता और छात्रावास सब्सिडी की प्रतिपूर्ति के संबंध में अनुदेश जारी किए गए थे।

(घ) भारत सरकार में खिलाड़ियों की भर्ती पर विद्यमान अनुदेशों में खेलो इंडिया श्रृंखला को शामिल करते हुए भारत सरकार में **खिलाड़ियों की भर्ती/पदोन्नति** पर समेकित अनुदेशों को दिनांक 04.03.2024 के कार्यालय ज्ञापन के माध्यम से संशोधित किया गया है ।

(ङ) दिनांक 13.3.2024 के कार्यालय ज्ञापन के माध्यम से संशोधित सुनम्य (फ्लेक्सिबल) पूरक योजना (आरएफसीएस) पर अनुदेश जारी किए गए हैं।

(च) माह के दौरान कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) द्वारा निम्नलिखित सूचनाएं प्रकाशित की गईं-

I. दिनांक 04/03/2024 को दिल्ली पुलिस में उप-निरीक्षक और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल परीक्षा, 2024 की सूचना प्रकाशित की गई थी।
II. दिनांक 28/03/2024 को कनिष्ठ अभियंता (सिविल, मैकेनिकल और इलेक्ट्रिकल) परीक्षा, 2024 की सूचना प्रकाशित की गई थी ।

(छ) एसएससी ने निम्नलिखित परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए -

I. कनिष्ठ हिंदी अनुवादक, कनिष्ठ अनुवादक और वरिष्ठ हिंदी अनुवादक परीक्षा, 2023 का अंतिम परिणाम 01/03/2024 को घोषित किया गया था जिसमें कुल 296 उम्मीदवारों की सिफारिश की गई।

II. वरिष्ठ सचिवालय सहायक/प्रवर श्रेणी लिपिक ग्रेड सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा, 2017 का अंतिम परिणाम 01/03/2024 को घोषित किया गया था जिसमें कुल 14 उम्मीदवारों की सिफारिश की गई।

III. ग्रेड 'ग' आशुलिपिक सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा, 2020, 2021 और 2022 की कंप्यूटर आधारित परीक्षा का परिणाम, परीक्षा के अगले चरण के लिए उम्मीदवारों को सूचीबद्ध करते हुए 12/03/2024 को घोषित किया गया था।

IV. अगले चरण के लिए उम्मीदवारों को सूचीबद्ध करते हुए ग्रेड 'ग' आशुलिपिक सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा, 2018 और 2019 की कंप्यूटर आधारित परीक्षा का परिणाम, 12/03/2024 को घोषित किया गया था।

V. संवीक्षा के अगले चरण के लिए 200 उम्मीदवारों को सूचीबद्ध करते हुए चयन पद/लद्दाख/2022 (मैट्रिक स्तर के पदों) की कंप्यूटर आधारित परीक्षा के अतिरिक्त परिणाम-2

VI. कनिष्ठ सचिवालय सहायक/अवर श्रेणी लिपिक ग्रेड सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा (एलडीसीई) 2019 और 2020 के पेपर- I (वर्णनात्मक पेपर) के मूल्यांकन के लिए उम्मीदवारों को

सूचीबद्ध करने के लिए कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीई) -पेपर- II का परिणाम 15.03.2024 को घोषित किया गया था।

VII. वरिष्ठ सचिवालय सहायक/प्रवर श्रेणी सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा, 2020, 2021 और 2022 की कंप्यूटर आधारित परीक्षा [(सीबीई) - पेपर- II (वर्णनात्मक पेपर) के मूल्यांकन के लिए पेपर I] का परिणाम 15/03/2024 को घोषित किया गया था।

VIII. वरिष्ठ सचिवालय सहायक/प्रवर श्रेणी ग्रेड सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा, 2018 और 2019 की कंप्यूटर आधारित परीक्षा [(सीबीई) - पेपर- II (वर्णनात्मक पेपर) के मूल्यांकन के लिए पेपर I] का परिणाम 15/03/2024 को घोषित किया गया था।

IX. केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ), एसएसएफ में सिपाही (जीडी) असम राइफल्स में राइफलमैन (जीडी), नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो परीक्षा,2022 में सिपाही का मणिपुर राज्य का अंतिम परिणाम 21/03/2024 को घोषित किया गया था कुल 27 महिला और 391 पुरुष उम्मीदवारों की सिफारिश की गई।

X. 22/03/2024 को चरण IX/2021 चयन पद परीक्षा (स्नातक और उससे ऊपर के स्तर) की कंप्यूटर आधारित परीक्षा का अतिरिक्त परिणाम-9 घोषित किया गया था। संवीक्षा के अगले चरण के लिए 131 उम्मीदवारों को सूचीबद्ध किया गया।

XI. 27/03/2024 को चयन पद/लद्दाख/2022 (उच्चतर माध्यमिक (10+2) स्तर के पदों) की कंप्यूटर आधारित परीक्षा का अतिरिक्त परिणाम - 3 घोषित किया गया था। संवीक्षा के अगले चरण के लिए 20 उम्मीदवारों को सूचीबद्ध किया गया।

**(ज) ई-एचआरएमएस 2.0 - प्रगति और नई कार्यक्षमताएँ**

- ईएचआरएमएस 2.0 पर पुनर्निर्मित विश्लेषणात्मक एकीकृत कर्मचारी डैशबोर्ड और 'सुपर एडमिन' कार्यात्मक हो गए हैं।
- 'टीए/डीए' और 'ई-सर्विस रिकॉर्ड' को उपयोगकर्ता स्वीकृति परीक्षण (यूएटी) एन्वायरमेंट में स्थानांतरित कर दिया गया।

## III. सतर्कता एवं अन्य संबंधित मामले

i. विभिन्न प्रयोजनों जैसे नियुक्तियां, अंतर-संवर्गीय प्रतिनियुक्ति, स्थानांतरण, परिवीक्षा, भारत से बाहर अध्ययन अवकाश आदि के लिए **34 (चौंतीस) आईएएस अधिकारियों** की सतर्कता निकासी जारी की गई।

ii. केंद्र में अपर सचिव स्तर के पदों पर पैनलबद्ध करने के लिए 1999 बैच के **28 (अट्ठाईस) आईएएस अधिकारियों** और सचिव स्तर के पदों पर पैनलबद्ध करने के लिए 1987-1992 बैच के 30 आईएएस अधिकारियों की सतर्कता निकासी।

## IV. प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण

**(क) सचिवालय प्रशिक्षण एवं प्रबंध संस्थान (आईएसटीएम)**

i. सचिवालय प्रशिक्षण और प्रबंध संस्थान (आईएसटीएम) ने 17 ऑनलाइन/ऑफ़लाइन कैलेंडर प्रशिक्षण कार्यक्रम, 05 गैर-कैलेंडर प्रशिक्षण कार्यक्रम, 01 गैर-कैलेंडर पाठ्यक्रम (आईएसटीएम के बाहर) और 03 सीएसएस/सीएसएसएस संवर्ग प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए। विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों में कुल 1081 उम्मीदवारों ने भाग लिया।

## (ख) लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी (एलबीएसएनएए)

राज्य सिविल सेवा से भारतीय प्रशासनिक सेवा में पदोन्नत अधिकारियों के लिए 125वां प्रवेशन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इसमें 2009 से 2021 बैच तक के 97 प्रतिभागी हैं।

## (ग) कर्मयोगी भारत

i पैंतीस (35) मंत्रालयों, विभागों और संगठनों के 'माई आईगॉट' प्लान्स, आईगॉट पर लाइव हो गए हैं। 'माई आईगॉट' फीचर के माध्यम से, एमडीओ एडमिन/लीडर अब अपने विभाग के अधिकारियों को निर्दिष्ट समय-सीमा के साथ सामग्री सौंप सकते हैं, ताकि कुशल क्षमता निर्माण योजना बनाई जा सके।

ii 7 मार्च, 2024 को 'राज्यों के लिए नीति' (एनआईटीआई) मंच का उद्घाटन करते हुए माननीय केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने आईजीओटी (आईगॉट) कर्मयोगी पर 6 समर्थ क्यूरेटेड कार्यक्रमों (ब्लॉक, जिला, राज्य, राज्य सचिव, नीति और प्रापण) को लॉन्च किया।

iii आईजीओटी (आईगॉट) कर्मयोगी को राज्य सिविल सेवकों को क्षेत्र-विशिष्ट और शासन-विशिष्ट प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए एपीआई के माध्यम से 'एनआईटीआई फॉर स्टेट्स' प्लेटफॉर्म के साथ एकीकृत किया गया है।

iv आईजीओटी (आईगॉट) कर्मयोगी अब डिजिलॉकर के साथ एकीकृत हो गया है । अब, आईगॉट प्रमाणपत्रों को उपयोगकर्ता के डिजिलॉकर खाते के माध्यम से भी एक्सेस किया जा सकता है।

v एमडीओ वॉल ऑफ फेम को लागू कर दिया गया है और इसके साथ ही टॉप एमडीओ फॉर द मंथ को प्लेटफॉर्म पर उनकी भागीदारी के आधार पर आईजीओटी के प्री-लॉगिन पेज पर दिखाया जाएगा।

vi मशीन अधिगम, गहन अधिगम और कंप्यूटर विजन जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों के सबंध में वाधवानी सेंटर फॉर गवर्नमेंट डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन के सहयोग से कर्मयोगी भारत कार्यालय में प्रशिक्षक अगुवाई वाली दो कार्यशालाएँ आयोजित की गईं। दोनों सत्रों में विभिन्न मंत्रालयों और विभागों से वरिष्ठ स्तर के पदाधिकारियों की उत्साहजनक भागीदारी देखी गई। कंप्यूटर विज़न पर सत्र में सचिव, नागरिक उड्डयन ने भी व्यक्तिगत रूप से भाग लिया।

vii विभिन्न मंत्रालयों, विभागों और संगठनों के शीर्ष शिक्षार्थियों के साथ 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया।

viii 21 फरवरी 2024 को नव अधिनियमित आपराधिक कानूनों के प्रकाशन के बाद उन पर तीन परिचयात्मक पाठ्यक्रमों में 2.5 लाख से अधिक नामांकन प्राप्त हुए हैं और 2 लाख से अधिक पाठ्यक्रम पूरे हो चुके हैं।

ix डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम-2023 के सिंहावलोकन संबंधी पाठ्यक्रम, आईजीओटी पर लाइव हो गया है। यह पाठ्यक्रम सभी सरकारी अधिकारियों के लिए उपयोगी होगा क्योंकि यह अधिनियम डिजिटल अधिकारों के परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण बदलाव का प्रतिनिधित्व करता है और सरकारी

अधिकारियों को इस डिजिटल युग में गोपनीयता और डेटा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए इसके कार्यान्वयन और प्रवर्तन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की आवश्यकता है।

x आईजीओटी (आईगॉट) कर्मयोगी प्लेटफॉर्म ने मार्च 2024 में **94 लाख पाठ्यक्रम नामांकन और 66 लाख पाठ्यक्रम पूरा करने का आंकड़ा पार कर लिया।**

xi मार्च 2024 तक आई-गॉट कर्मयोगी प्लेटफ़ॉर्म पर 31,86,325 शिक्षार्थी जुड़े हुए हैं। मार्च 2024 में कुल 86,298 नए उपयोगकर्ता इस प्लेटफ़ॉर्म से जुड़े।

xii मार्च 2024 में पाठ्यक्रम पूरा करने वालों की संख्या **8,65,199** थी और 31 मार्च 2024 तक संचयी पाठ्यक्रम पूरा करने वालों की कुल संख्या **66,36,715** थी **।**

xiii आई-गॉट प्लेटफॉर्म पर सक्रिय उपयोगकर्ताओं की संख्या **फरवरी 2024 में 10.95 लाख से बढ़कर** मार्च 2024 में **11.97 लाख** तक हो गई।

xiv आई-गॉट कर्मयोगी पोर्टल ने 31 मार्च 2024 तक संचयी रूप से अधिगम के कुल **58.77 करोड़ मिनट** दर्ज किया।

xv मार्च 2024 में इस प्लेटफ़ॉर्म पर 54 नए पाठ्यक्रम प्रकाशित किए गए। **31 मार्च 2024 तक प्रकाशित पाठ्यक्रमों की कुल संख्या 966 थी**।

## (डी) क्षमता निर्माण आयोग (सीबीसी)

**क्षमता निर्माण योजना का शुभारंभ:** पशुपालन और डेयरी विभाग की वार्षिक क्षमता निर्माण योजना 15.03.2024 को शुरू की गई थी।

**प्रशिक्षण संस्थान का ऑनसाइट मूल्यांकन और प्रत्यायन:** 5 सिविल सेवा प्रशिक्षण संस्थानों (सीएसटीआई) को मार्च, 2024 के महीने में निम्नानुसार प्रत्यायित किया गया था:

| क्र.सं. | संस्थान का नाम | ऑनसाइट तिथियाँ |
|---|---|---|
| 1 | काउंटर इंसर्जेंसी एंड एंटी-टेररिज्म स्कूल (सियाट्स) सीआरपीएफ, सिलचर | 4 और 5 मार्च 2024 |
| 2 | सहायक प्रशिक्षण केंद्र, बीएसएफ, हज़ारीबाग, पीओ - जे मेरु कैंप, जिला - हज़ारीबाग़, झारखंड - 825317 | 6 और 7 मार्च 2024 |
| 3 | श्वान प्रजनन एवं प्रशिक्षण विद्यालय | 15 मार्च 2024 |
| 4 | एसएसबी अकादमी भोपाल | 20 और 21 मार्च 2024 |
| 5 | भारतीय रेलवे मैकेनिकल और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग संस्थान (आईआरआईएमईई) | 21 और 22 मार्च 2024 |

**“युवा वैज्ञानिक प्रवेशन कार्यक्रम”:**क्षमता निर्माण आयोग ने प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार, भारत सरकार के कार्यालय के गहन सहयोग से एक उत्पादक और टिकाऊ सातत्य के रूप में विज्ञान-उद्योग-समाज के संबंध को मजबूत करने की दिशा में युवा वैज्ञानिकों और विज्ञान-प्रशासकों की क्षमताओं में संवर्धन करने के लिए "युवा वैज्ञानिक प्रवेशन कार्यक्रम" तैयार किया था।

सभी एसएंडटी विभागों में किए गए एसीबीपी अभ्यास से प्राप्त इनपुटोंसे, सामान्य मॉड्यूल और सक्षमता संबंधी अपेक्षाओं की पहचान की गईथी। इसके अलावा, प्रशिक्षण के ऑनलाइन और व्यक्तिगत प्रारूपों के मिश्रण का निम्नलिखित के लिए उपयोग किया गया:

क) प्रतिभागियों में कार्यक्रमों, परियोजनाओं, कार्मिकों,उत्पादों और प्रक्रियाओं के प्रबंधन में उन्नत क्षमताओंको विकसित करना।
ख) प्रतिभागियों के बीच विचारों के परस्पर आदान-प्रदान को बढ़ावा देना।
ग) प्रतिभागियों में कार्यात्मक, डोमेन और व्यावहारिक सक्षमताओं को बढ़ाना।
घ) प्रभावी कार्यान्वयन के लिए प्रतिभागियों को चुनिंदा अनुसंधान और नवाचार परियोजनाओं के लिए व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना।

इस कार्यक्रम के पहले समूह में विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी), जैव प्रौद्योगिकी विभाग (डीबीटी), वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर), परमाणु ऊर्जा विभाग(डीएई), भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) और रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) की विभिन्न प्रयोगशालाओं और केंद्रों के 55 से अधिक युवा वैज्ञानिक भाग ले रहे हैं। प्रतिभागियों को चार मॉड्यूल युक्त प्रशिक्षण से गुजरना होगा जिसमें विशेषज्ञ वार्तालाप, प्रयोगशालाओं और अनुसंधान सुविधाओं का दौरा, सहयोगात्मक अभ्यास आदि जैसी गतिविधियां शामिल होंगी।

चार मॉड्यूल में से, निम्नलिखित दो ऑनलाइन मॉड्यूल पिछले कुछ महीनों में आयोजित किए गए थे:

1. विज्ञान नीति और कार्यनीति कौशल (29 जनवरी से 2 फरवरी 2024),

2. संस्थान में अत्याधुनिक इंटरैक्टिव स्टूडियो सेटअप का उपयोग करके सिस्टम कौशल (5 फरवरी से 9 फरवरी 2024) ऑनलाइन आयोजित किए गए थे।

शेष दो प्रशिक्षण मॉड्यूल पर व्यक्तिगत सत्र,4 मार्च से 15 मार्च 2024 तक आईआईएम विशाखापत्तनम सिटी कैंपस में आयोजित किए गए:

1. व्यावहारिक या सॉफ्ट स्किल और
2. वैज्ञानिकों के लिए सामाजिक प्रासंगिकता स्किल।

इसके अतिरिक्त, प्रतिभागी वैज्ञानिक, वैज्ञानिक विभागों के बीच कॉमन अनुसंधान हितों और परस्परव्यापी प्रयासों की पहचान करने और उन पर चर्चा करने हेतु विचार-मंथन सत्र का हिस्सा भी बने।

## V. कल्याण संबंधी मामले

i. सीसीएससीएसबी ने 03.03.2024 से 09.03.2024 तक चंडीगढ़ में अखिल भारतीय सिविल सेवा बैडमिंटन टूर्नामेंट 2023-24 का आयोजन किया और सीसीएससीएसबी ने महिला टीम चैम्पियनशिप में प्रथम स्थान हासिल किया।

ii. सीसीएससीएसबी ने 19 मार्च से 21 मार्च 2024 तक चंडीगढ़ में अखिल भारतीय सिविल सेवा एथलेटिक्स टूर्नामेंट 2023-24 का आयोजन किया। सीसीएससीएसबी ने पुरूष टीम चैंपियनशिप में दूसरा स्थान हासिल किया।

iii. सीसीएससीएसबी ने 10.03.2024 से 14.03.2024 तक गांधीनगर, गुजरात में अखिल भारतीय सिविल सेवा टेबल टेनिस टूर्नामेंट 2023-24 का आयोजन किया। केन्द्रीय सचिवालय दिल्ली की महिला टीम को तीसरा स्थान मिला और पुरूष टीम ने टीम चैम्पियनशिप में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

iv. सीसीएससीएसबी ने 18.03.2024 से 22.03.2024 तक राजा बाजार, नई दिल्ली में वेट लिफ्टिंग, पावर लिफ्टिंग और बेस्ट फिजिक टूर्नामेंट 2023-24 का आयोजन किया। केन्द्रीय सचिवालय दिल्ली की महिला टीम को वेट लिफ्टिंग और पावर लिफ्टिंग, दोनों में प्रथम स्थान मिला।

## VI. केन्द्रीय सचिवालय में पदोन्नति

i. सीएसएसएस संवर्ग में पदोन्नति इस प्रकार की गई है : वरिष्ठ पीपीएस ग्रेड, पीपीएस ग्रेड और पीएस ग्रेड से क्रमशः 01 पीएसओ, 02 वरिष्ठ पीपीएस और 12 पीपीएस।

ii. चयन सूची वर्ष 2023 के लिए 427 नवनियुक्त आशुलिपिक डी ग्रेड के लिए दस्तावेज सत्यापन किया जा चुका है। चयन सूची वर्ष 2015 और 2016 के 134 आशुलिपिक डी को स्तर 6 में एनएफएसजी प्रदान किया गया है।

## VII. केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो और मॉरीशस गणराज्य के भ्रष्टाचार के खिलाफ स्वतंत्र आयोग के बीच समझौता ज्ञापन।

मंत्रिमंडल ने 07.03.2024 को आयोजित अपनी बैठक में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो और मॉरीशस गणराज्य के भ्रष्टाचार के खिलाफ स्वतंत्र आयोग (आईसीसी) के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने के लिए इस विभाग के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।